भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2972

उत्तर देने की तारीख 5 दिसम्बर, 2019

14 अग्रहायण, 1941 (शक)

ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देना

2972. डॉ॰ डी॰ रविकुमारः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राजीव गांधी खेल अभियान एवं पंचायत युवा क्रीड़ा और खेल अभियान योजनाओं को बंद कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2014 से 2019 तक वर्ष-वार कितनी निधि आवंटित की गई; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान ग्रामीण स्टेडियमों के निर्माण के लिए वर्ष-वार कितनी निधि प्रदान की गई?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख): जी हां। पंचायत युवा क्रीडा और खेल अभियान (पायका) स्कीम को दिनांक 31.03.2014 से बंद कर दिया गया था और राजीव गांधी खेल अभियान (आरजीकेए) को ब्लाक स्तर पर खेलों के समग्र विकास के लिए दिनांक 01.04.2014 से आरंभ किया गया था। इसके पश्चात आरजीकेए को वर्ष 2016-17 में खेलो इंडिया स्कीम के आरंभ के बाद बंद कर दिया गया था।

(ग) राजीव गांधी खेल अभियान के अंतर्गत इस मंत्रालय द्वारा खेल प्रतिस्पर्धाओं को आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए 81.19 करोड़ रु. व्यय किए गए थे। खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अंतर नहीं किया जाता है। इस स्कीम के अंतर्गत खेल अवसंरचना का निर्माण करने और वार्षिक खेल प्रतिस्पर्धाओं को आयोजित करने के लिए राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों को समग्र रूप से निधियां जारी की जाती हैं।

(घ) खेलो इंडिया स्कीम में स्टेडियम की स्थापना करने का प्रावधान नहीं है। इस प्रकार इस स्कीम के संचालन की अवधि के दौरान शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों में किसी नए स्टेडियम को संस्वीकृत नहीं किया गया है।

****